प्रादेशिक समाचार

10.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. रांची में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को किया रेखांकित, कहा – बैंक खाता खोलने से ग्रामीण हुए सशक्त

2. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में हुई सुनवाई, झारखंड हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चाईबासा कोर्ट में पेश होने का दिया आदेश।

3. राज्य में आज से 26 जून तक नशामुक्ति जागरुकता अभियान की हुई शुरुआत, विभिन्न जिलों मे जागरूकता रथ हुए रवाना।

4. हजारीबाग पुलिस ने डिटेंशन सेंटर से फरार तीन बांग्लादेशी को गिरफ्तार कर हासिल की बड़ी सफलता, टेक्निकल टीम की मदद से 15 घंटे में आरोपियों को दबोचा।

5. मौसम विभाग ने राज्य में 15 जून तक धूप और बारिश की मिली–जुली स्थिति के साथ हवा और आकाशीय बिजली गिरने की दी चेतावनी

********************

राजधानी रांची में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने वैश्विक महामारी के दौरान न केवल 140 करोड़ भारतीयों, बल्कि 160 देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाई और गरीबों के आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए बैंक खाते खुलवाए।

मौके पर बाबूलाल मरांडी ने बताया कि केंद्र सरकार की जन–आकांक्षी योजनाओं के तहत गांव–गांव तक बिजली पहुंच रही है, जिससे ग्रामीण अब मिट्टी के तेल पर निर्भर नहीं हैं।

********************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों ने जामताड़ा जिले के बिंदापात्थर, लखियाबाद, पट्टाजोर, चालना, मेझिया और धोवना गांवों में किसानों से संवाद कर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक गोपाल कृष्ण ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप किसानों को बेहतर कृषि उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

********************

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें 6 अगस्त को चाईबासा एमपी–एमएलए कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि राहुल गांधी ने पहले की गई पेशी की तारीख को चुनौती देते हुए क्वाशिंग याचिका दायर की थी।

********************

राज्य में आज से 26 जून तक नशा मुक्ति जागरुकता अभियान की शुरुआत हुई जिसके तहत विभिन्न जिलों मे जागरूकता रथ रवाना किए गए।

कोडरमा में उपायुक्त ऋतुराज ने दो जागरूकता रथ और एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घूमकर नशा मुक्ति का संदेश देंगे और लोगों को जागरूक करेंगे।

इधर खूंटी में भी आज से नशामुक्ति अभियान की शुरुआत हुई, इस अभियान के तहत विद्यार्थियों ने रैली निकालकर आम लोगों को नशा छोड़ने का संदेश दिया। मौके पर उपायुक्त आर रॉनिटा ने जागरूकता रथ रवाना किया और बताया कि इस रथ के माध्यम से मादक पदार्थ की अवैध खेती रोकने के लिए भी जनजागरूकता फैलाई जाएगी।

इसके साथ ही पाकुड, लोहरदगा, साहिबगंज, दुमका में भी आज से 26 जून तक निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई,

********************

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में अंतिम संसदीय प्रतिनिधिमंडल पांच देशों की अपनी सफल यात्रा पूरी करने के बाद आज भारत लौट आया है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने के लिए अमरीका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा किया। श्री थरूर ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा के दौरान कई बैठकें कीं। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में उन्हें अपनी चिंताओं के संबंध में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।
सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दूसरे समूह का नेतृत्व करने वाले भारतीय जनता पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा के दौरान कई बैठकों में आतंकवाद पर भारत के रुख को प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क का दौरा किया। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न देशों के स्पीकर, सांसदों, विदेश मंत्रियों और उप विदेश मंत्रियों से मुलाकात की।

********************

हजारीबाग पुलिस ने डिटेंशन सेंटर से फरार तीन बांग्लादेशी नागरिकों को 15 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दो नागरिकों को पश्चिम बंगाल के बनगांव से और एक को धनबाद रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तारी में टेक्निकल सेल्स की अहम भूमिका रही और 12 अधिकारियों की टीम ने छापेमारी कर सफलता हासिल की।

********************

देवघर जिले में श्रावणी मेले को लेकर नगर निगम तैयारी में जुट गया है।

********************

आज राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटेनगंज में 40 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान रांची में 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्य में 15 जून तक धूप और बारिश की मिली–जुली स्थिति के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

*******समाप्त********